तापमान

अधिकतम 41 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 6 मई 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 बहुचर्चित जमीन घोटाला मामले में भूमाफिया गिरफ्तार



## भाजपा-कांग्रेस समेत अन्य प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत, मतदान कल, आज होगा मतदान सामग्री का वितरण

# थमा चुनावी शोरगुल, डोर टू डोर प्रचार तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रविवार को चुनाव प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन भीषण गर्मी के बीच सियासी पारा भी चढ़ा रहा। राजनीतिक दलों के द्वारा अपने उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार-प्रसार में जुटे रहे। कई जगहों पर आमसभा, रैली आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे। प्रचार वाहन भी दिनभर अनेक क्षेत्रों में दौड़ते रहे। इसी बीच 5 मई को सायं 5 बजे से चुनावी शोर थम गया, इसके बाद अब राजनीतिक दल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मतदाताओं के घर-घर जाकर दस्तक देंगे।

लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को मतदान होना है, इसके लिए कई दिनों पूर्व से विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा चुनाव प्रचार-प्रसार किया जाता रहा। तेज धूप व गर्मी के बीच आम सभा व कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे। कई दिनों के शोरगुल के बाद 5 मई को अपरान्ह चुनावी शोर थम गया। 6 मई को मतदान सामग्रियों का वितरण रामानुज मिनी स्टेडियम से किया जाएगा।




मिनी स्टेडियम से मतदान सामग्री का होगा वितरण।

### अब देंगे घर-घर दस्तक

कई दिनों के चुनावी शोरगुल थमने के बाद अब मतदाताओं के घर-घर दस्तक दिया जाएगा। लोकसभा चुनाव के लिए मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच ही है। इस क्षेत्र में तीसरी शक्ति नहीं है। दोनों ही दलों के पदाधिकारी कार्यकर्ता आज दिनभर घर-घर संपर्क करते नजर आएंगे। गर्मी के कारण दोपहर के समय लोग अपने घरों में दुबक जाते हैं, जिसके कारण राजनीतिक पदाधिकारियों की भी परेशानी बढ़ गई है।

### लोगों के घरों तक पहुंचा मतदाता पर्ची

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के बीच बीएलओं द्वारा मतदाता पर्ची बॉटने का कार्य कई दिनों पूर्व से शुरू कर दिया गया था। गांव व शहरी क्षेत्रों में बीएलओं द्वारा घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाई गई। जिलेभर में बीएलओं द्वारा घर-घर पहुंच कर मतदाता पर्ची बॉटने का काम शुरू कर दिए थे, जिसके कारण चुनाव के पूर्व अब तक सभी मतदाताओं के घरों तक मतदाता पर्ची बॉटी गई।

### दो लाख से अधिक मतदाता चुनेंगे अपना सांसद

कोरबा लोकसभा संसदीय सीट में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है। कोरिया जिले के बैकुंठपुर व सोनहत (आंशिक) विकासखंड के सभी मतदान केन्द्रों में प्रशासन ने चुनाव को लेकर सभी तैयारियां कर ली हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने मतदान दलों की रवानगी के पूर्व स्ट्रांग परिसर का मुआयना किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को 6 मई को नियत समय पर पहुंचने के निर्देश दिए। इस अवसर जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम एवं संबंधित नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

कोरबा लोकसभा सीट में कोरबा, कोरिया, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, एवं मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के 8 विधानसभा क्षेत्र के 16 लाख से अधिक मतदाता भाग लेंगे। कोरिया जिले के बैकुंठपुर एवं सोनहत (आंशिक) विकासखंड के मतदान केन्द्रों के लिए 6 मई को मतदान अधिकारी, मतदान सामग्री के साथ 2 लाख से अधिक मतदाताओं को मतदान कराने के लिए रवाना होंगे। मंगलवार 7 मई को सुबह 7 बजे मतदान शुरू हो जाएग, जो शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में 16 लाख से अधिक मतदाता हैं, जबकि कोरिया जिले में 2 लाख 7 हजार 292 मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 941 है, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 344 और तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 7 है। बैकुंठपुर 278 व सोनहत (आंशिक) 28 मतदान केन्द्र हैं। बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में 5 मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाया गया है। 10 संगवारी महिला मतदान केन्द्र भी तैयार की गई है। यहां पूरा स्टाफ महिलाओं का होगा। इसी तरह 5 युवा व एक दिव्यांग मतदान केन्द्र भी बनाया गया है। यहां मतदान केन्द्र तक जाने के लिए रैंप व व्हील चेयर जैसी सुविधाएं होंगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए हर प्रबंध किए गए हैं, जिनके वोटर लिस्ट में नाम है और उन्हें मतदाता पत्र नहीं मिला है, वे कोई भी पहचान पत्र लेकर मतदान केन्द्र पहुंचने पर मतदान कर सकते हैं। मतदान केन्द्रों में छांव, पानी, शौचालय, कूलर-पंखे व विश्राम कक्ष आदि की व्यवस्था की गई है। बैकुंठपुर विकासखंड में 150 तथा सोनहत (आंशिक) में 3 मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। सीसीटीवी सहित सभी प्रकार की तकनीकी व्यवस्था की गई है। केन्द्रीय व राज्य सुरक्षा बल, जिला पुलिस बल के सुरक्षाकर्मियों द्वारा स्वतंत्र, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने के लिए मोर्चा संभालेंगे।

## मतदान आपका अधिकार सभी बनें भागीदार: कलेक्टर

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने जिले के दो लाख से अधिक मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि लोकसभा निर्वाचन के लिए 7 मई को प्रातः 7 बजे से मतदान शुरू होगा। उन्होंने मजबूत लोकतंत्र के लिए जिले के सभी मतदाताओं से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने आग्रह की है।



श्री लंगेह ने कहा कि जिले के ग्रामीणों, किसानों, बुजुर्गों, श्रमिकों, युवाओं, महिलाओं, साहित्यकारों, पत्रकारों, कलाकारों, खिलाड़ियों, समाज सेवको, समाज प्रमुखों, डॉक्टरों, इंजीनियरों, वकीलों, दुकानदारों, व्यापारियों, उद्योपतियों, भारत सरकार के उपक्रमों, निजी व शासकीय, अशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मियों व सभी वर्गों के मतदाता भाइयों-बहनों, आप सबको विदित है कि मंगलवार 7 मई को तृतीय चरण के लोकसभा निर्वाचन के तहत सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होंगे। श्री लंगेह ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि भरतीय लोकतंत्र की महत्वपूर्ण महादान-मतदान में स्वयं भाग लें व अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों व परिचितों को मतदान केन्द्र लेकर पहुंचे और उन्हें लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण पर्व का हिस्सेदार बनाएं। देश के विकास के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रणाली बेहद कारगर है। श्री लंगेह ने नए व युवा मतदाताओं से अपील की है कि अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करें और एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें, इसलिए सबकी जिम्मेदारी और कर्तव्य है कि मतदान तिथि को नियत समय पर पहुंच कर अपना बहुमूल्य समय निकालकर मतदान अवश्य करें।

उन्होंने कहा कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों में भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं के लिए छांव, पंखा, ठंडा पानी, रैम्प, विश्राम कक्ष व सुरक्षा आदि की व्यवस्था की गई है। श्री लंगेह ने कहा कि मतदान केन्द्रों में पहुंचने वाले बुजुर्गों, बीमार, दिव्यांगों, गर्भवती मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। साथ ही मानवीय आधार पर उन्हें मतदान करने में प्राथमिकता भी दी जाएगी।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- पुलिस राजपत्रित अधिकारी, प्रभारी एवं केन्द्रीय रिजर्व बलों के प्रभारी अधिकारियों की ली बैठक

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण 7 मई को मतदान होना है। मतदान दिवस के एक दिवस पूर्व मतदान दलों के साथ पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिए बल प्रदाय किया जाता है, जो मतदान दल के साथ ड्यूटी करते हैं और मतदान केन्द्र पर ड्यूटी के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखते हुए मतपेटी जमा होने तक साथ रहते हैं।



समीक्षा बैठक लेते एसपी सूरज सिंह परिहार।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के अध्यक्षता में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को ब्रीफ करने के लिए 4 मई को रक्षित केन्द्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिले के सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारी, प्रभारीगण एवं केन्द्रीय रिजर्व बलों के प्रभारी अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। कोरिया पुलिस द्वारा तैयार किए गए सिक्योरिटी मैनेजमेंट प्लान और डिप्लॉयमेंट चार्ट को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका सिंह ठाकुर ने ब्रीफ करते हुए बताया कि जिले के कुल 306 मतदान केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक पुलिस बल, केन्द्रीय रिजर्व बलों एवं एसपीओ को तैनात किया गया है, इसके अतिरिक्त कुल 17 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है, जिन्हें बूथ के अनुसार विभाजित कर निरंतर पेट्रोलिंग करके सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तरह जिले में 5 नाका-चेक पोस्ट, 7 एसएसटी पॉइंट एवं 6 एफएसटी में भी बल तैनात किया गया है। मतदान के दिन कुल 38 सेक्टर ऑफिसर के साथ भी पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को तैनात किया गया है,जो सेक्टर के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों में मतदान दलों के सकुशल पहुंचने एवं वापसी होने तक तैनात रहेंगे। इसके अतिरिक्त कोरिया पुलिस द्वारा हर थाना चौकी क्षेत्र में क्विक रिएक्शन टीम क्यूआरटी भी तैनात की गई है, जो किसी भी सूचना पर त्वरित सहायता के लिए पहुंचेंगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व प्रसारित निर्देशों के अनुरूप तैयारियों का जायजा लेने पर दूर संचार प्रभारी ने बताया कि जिला कोरिया क्षेत्र में ऐसे कई मतदान केन्द्र हैं, जहां पर बिलकुल भी संचार व्यवस्था उपलब्ध नहीं है।

उन सभी स्थानों का सर्वे और निरीक्षण कर उन स्थानों पर प्रभावी संचार व्यवस्था स्थापित करने लिए कुल 38 वायरलेस सेट स्थापित किया जा रहा है, जिससे मतदान के दिन संचार व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित किया जा सके। इसी तरह रक्षित निरीक्षक द्वारा सभी बलों की सकुशल आमद, खैरियत और प्रॉपर ड्यूटी लेते रहने के बारे में संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

## कमिश्नर ने किया घुघरी व डांडहसवाही बेरियर का निरीक्षण

**बैकुंठपुर।** संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 04 कोरबा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत के विकासखंड भरतपुर के अंतरराज्यीय चेक पोस्ट घुघरी (हरचौका) तथा डांडहसवाही का निरीक्षण किया।

उन्होंने ब्लाक मुख्यालय जनकपुर के एक ही कैम्पस में स्थित दो मतदान केन्द्र 33 कन्या प्राथमिक शाला जनकपुर (दिव्यांग मतदान केन्द्र), 35 बालक प्राथमिक शाला जनकपुर का निरीक्षण किया और थाना प्रभारी जनकपुर, कोटाडोल को सभी अंतरराज्यीय बेरियर-नाकों में चाक-चौबंद व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए, इसके पश्चात ग्राम पंचायत घुघरी के पंडों बाहुल्य पोड़ीडोल पारा में भ्रमण कर पंडों जनजाति के समुदाय के साथ बैठक कर उनके समस्याओं को सुना एवं मौके पर उपस्थित ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को पोड़ीडोल पारा में पहुंच मार्ग के लिए सड़क एवं पुलिया व अन्य समस्याओं को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किए। इसी कड़ी में संभागायुक्त के द्वारा केल्हारी डांडहसवाही अंतरराज्यीय नाका का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने डांडहसवाही में तैनात स्थैतिक निगरानी दल को वाहनों की सघन जांच तथा कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का उल्लंघन करने वालों के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार केसी जाटवर, थाना प्रभारी टीपी यादव, एसएसटी टीम के प्रभारी ओपी श्रीवास, बीएसएफ के जवान उपस्थित मिले।



संभागायुक्त ने ग्राम वासियों से मुलाकात कर अपने मत का प्रयोग कर चुनाव दिवस 7 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया और मताधिकार का प्रयोग कर, देश का मान बढ़ाने और सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में सहयोग करने कहा।

### विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग अलग पार्किंग व्यवस्था

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं संग्रहण केन्द्र के लिए सीजीएसडब्ल्यूसी गोदाम चैनपुर को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहां से मतदान दलों को 6 मई की सुबह 6 बजे से मतदान सामग्री का वितरण एवं 7 मई को मतदान समाप्ति पश्चात चूंकि भरतपुर-सोहनत दूरस्थ क्षेत्र होने कारण मतदान सामग्रियों का संग्रहण 8 मई की सुबह तक पूर्ण होने की संभावना है। अधिकारी-कर्मचारी के वाहनों के लिए पार्किंग एवं आम नागरिकों के लिए मार्ग की व्यवस्था की गई है, इसके तहत पार्किंग व्यवस्था अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत के लिए वाहन नियंत्रण शाखा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 के लिए सीजीएसडब्ल्यूसी गोदाम चैनपुर को स्ट्रांग रूम के सामने पार्किंग स्थल का चयन किया गया है। जहां पर मतदान दल की बसों एवं चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 02 मनेन्द्रगढ़ के लिए वाहन नियंत्रण शाख विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 02 के लिए 18 वीं बटालियन के लिए जाने वाली रोड़ के तरफ पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

## देर शाम जुआ खेलते 9 आरोपी गिरफ्तार, 2 लाख रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

देर शाम ग्रांउण्ड में जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने जुआरियों से 2 लाख 1 हजार 170 रुपए नगद बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम पेट्रोलिंग के दौरान कोतवाली

- पेट्रोलिंग के दौरान मिली सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई



पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि थाना अंतर्गत मानिक प्रकाश पुर ग्राउंड में चार्जेबल बल्ब जलाकर जुआ खेल रहे है।

सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी रोहित कुमार शाह के नेतृत्व में पुलिस ने घेराबंदी कर इमलीपारा निवासी 28 वर्षीय मदन गुप्ता, दरिमा करजी भदईटिकरा निवासी 43 वर्षीय प्रेम कुमार, दरिमा छिंदकालो निवासी 48 वर्षीय जाहरू दास कंठी निवासी 35 वर्षीय सूरज दास, करजी निवासी 42 वर्षीय भुनेश्वर राजवाड़े, 36 वर्षीय सुरेंद्र सरजाल, 29 वर्षीय अम्बीशंकर, बिलासपुर चौक निवासी 40 वर्षीय वीरेंद्र साहू, कंठी निवासी 40 वर्षीय प्यारेलाल को हिरासत में लेकर उनके पास से 2 लाख 1 हजार 170 रुपए बरामद किया है।

पुलिस ने आरोपियों से 52 पत्ती, चार्जेबल बल्ब जब्त करने के साथ ही छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एसआई अखिलेश सिंह, प्रधान आरक्षक रजनीकांत मिश्रा, छत्रपाल सिंह, आरक्षक उपेंद्र सिंह, रिंकू गुप्ता, सुशांत यादव, रमन मण्डल, लालबाबू, चंचलेश सोनवानी, राहुल सिंह, अमित विश्वकर्मा, विकाश सिंह, शिव राजवाड़े, अमनपुरी, राहुल केरकेट्टा शामिल रहे।

### प्रतीक्षा बस स्टैण्ड सूनसान, भीषण गर्मी में यात्री हो रहे परेशान

## लोकसभा चुनाव के लिए छोटे बड़े वाहनों का अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण का मतदान 7 मई को होना है, इसके लिए पूर्व से ही छोटे-बडे वाहनों का अधिग्रहण प्रशासन द्वारा शुरू कर दिया गया। ज्यादातर बसे 5 मई को हाईस्कूल मैदान में खड़ी की गई। इनमें कई स्कूल बस भी शामिल हैं, इसके अलावा छोटे वाहन भी चुनाव कार्य के लिए अधिग्रहित की गई है।

चुनाव कार्य के लिए बसों के अधिग्रहण के कारण 5 मई को विभिन्न रूटों पर यात्री बसें कम ही दिखाई दी इसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में जाने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय प्रतीक्षा बस स्टैंड में वाहनों की





आवाजाही कम रहने के कारण बस स्टैंड में ज्यादा यात्री बस नहीं दिखाई दे रहे थे, जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में आने जाने वाले यात्रियों को गर्मी के दिनों में परेशान होना पड़ा। लोकल सवारियों को ढोने का कार्य ऑटो वाले करते रहे, लेकिन दूर आना जाना करने वाले लोगों को यात्री वाहन कम ही इस दिन मिले, जिसके कारण उन्हें परेशान होना पड़ा। इसी तरह 6 मई व 7 मई को दो दिनों तक सड़कों पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित होगी। गिनती के ही वाहनों की आवाजाही विभिन्न रूटों में देखने को मिलेगा, जिसके कारण दो दिनों तक यात्रियों को विभिन्न क्षेत्रों में आवागमन करने के लिए दिक्कतों ⏭ शेष पेज 4 पर

### आज होगी मतदान दलों की रवानगी

तीसरे चरण का चुनाव 7 मई का होना नियत है, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। कल होने वाले चुनाव के लिए आज 6 मई को मतदान दलों को सामग्री के साथ रवाना किया जाएगा, इसके लिए स्थानीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर से मतदान दल को सुबह के समय ही बुलाया गया है, जहां से सामग्री उठाव किया जाएगा, इसके बाद निर्धारित रूट के वाहन से मतदान दलों को रवाना किया जाएगा, इसके लिए पर्याप्त संख्या में वाहनों का अधिग्रहण कर मिनी स्टेडियम में खड़ी की गई है।

### पीएम जीवन ज्योति के तहत दिया गया दो लाख का चेक

**घोघरी।** समीपस्थ ग्राम नगझर निवासी राधाबाई कुर्रे का अचानक कुछ दिनों पहले मृत्यु हो जाने पर उनके बैंक खाता छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक छपोरा में खुला था, जिन्हें बंद कराने बैंक शाखा जाने के बाद पता चला कि मृतक के नाम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा का सालाना प्रीमियम राशि 436 पटाया गया है, इसलिए उसके नॉमिनी को 2 लाख की राशि प्रदान किया जाएगा। इसके संबंध में यहां पदस्थ बैंक मैनेजर ने जानकारी दिया और मृत्यु प्रमाण पत्र डॉक्यूमेंट जमा करने के पश्चात ब्रांच मैनेजर किशलय कुमार सिंह व कैशियर आमिर कुमार द्वारा उनके पिता राम प्रसाद कुर्रे को गत दिवस 2 लाख राशि का चेक प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि पूर्व में भी छग राज्य ग्रामीण बैंक छपोरा से रामेश्वर कुर्रे ग्राम अचरीतपाली निवासी व राजेंद्र जायसवाल ग्राम घोघरी निवासी के नॉमिनियों को भी 2 लाख की राशि का चेक वितरण किया जा चुका है।

### खबर संक्षेप

### मोबाइल से खेल रहे थे सट्टा, 2 सटोरी पकड़े गए

**बैकुण्ठपुर।** मुखबीर की सूचना पर साइबर सेल बैकुंठपुर की टीम ने जिले के सोनहत थानांतर्गत कटगोड़ी मुख्य बाजार के पास अवैध रूप से सटोरियों को आईपीएल में ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए पकड़ा। जानकारी के अनुसार 4 मई को साइबर सेल बैकुंठपुर को मुखबीर से सूचना मिली कि कटगोड़ी के मुख्य बाजार के पास दो लोग सार्वजनिक स्थान पर अपने मोबाइल पर ऑनलाइन सट्टा खेल रहे हैं, जिसकी सूचना पर तत्काल मुखबीर के बताए स्थान पर जाकर रेड कार्रवाई किया गया। जहां मौके पर दो अलग-अलग प्रकरणों में 2 सटोरियों रूद्र प्रसाद साहू आत्मज बिहारी राम साहू उम्र 35 वर्ष निवासी कटगोड़ी थाना सोनहत एवं विनोद मोदी आत्मज विष्णुदेव मोदी उम्र 44 वर्ष निवासी कटगोड़ी थाना सोनहत द्वारा ऑनलाइन पैसा लगाकर हार-जीत का दांव सट्टा खेला जा रहा था। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर कुल 2 सटोरियों के पास से 2 नग मोबाइल 30000 एवं 7000 रुपए एवं स्क्रीनशॉट की छायाप्रति जब्त कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत थाना सोनहत में अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया।



### ट्रैक्टर पलटा, दबने से किशोर की मौत

**लखनपुर।** रेत खाली करने के बाद शुक्रवार की शाम तेज रफ्तार से वापस बगदरी आ रहा ट्रैक्टर टपरकेला बांध के नजदीक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान ड्राइवर के बगल में बैठा 16 वर्षीय रविंद्र सिंह पिता धर्मदेव सिंह की इंजन के नीचे दबने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा पीएम के लिए शव अस्पताल भेजवाया।

### मतदाता जागरूकता अभियान निकाली गई मशाल रैली

**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव में 7 मई को शत-प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सरगुजा विलास भोसकर के नेतृत्व में शहरी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से भव्य मतदाता जागरूकता मशाल रैली का आयोजन किया गया। मशाल रैली घड़ी चौक से संगम चौक होते हुए महामाया चौक तक निकाली गई। स्वीप गतिविधियों के तहत मशाल रैली में जन शिक्षण संस्थान सरगुजा, शहरी स्वच्छता मिशन, संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय, सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, स्काउट गाइड, रोवर रेंजर, एनएसएस के स्वयंसेवक, जिला साक्षरता तथा जिला पंचायत, लाइवलीहुड कॉलेज की टीम शामिल हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मशाल प्रज्वलित कर रैली का शुभारंभ किया।

### पार्षद पर मारपीट का आरोप, अपराध दर्ज

**राजपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 में नाली निर्माण को लेकर पार्षद व ठेकेदार के बीच शुरू हुआ विवाद गहराता जा रहा है। शनिवार को नाली निर्माण को लेकर चल रही खींचतान के दौरान बात मारपीट तक पहुंच गई। आरोप है कि पार्षद ने अपने पुत्र के साथ मिलकर नगर पंचायत सीएमओ के साथ मारपीट की है। इस मामले में शिकायत पर पुलिस ने पार्षद व उसके पुत्र के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है जबकि दूसरी ओर पार्षद व वार्डवासियों ने सीएमओ के खिलाफ शिकायत करते हुए अपने ऊपर लगाए गए आरोप को निराधार बताया है। बता दें कि नगर के वार्ड क्रमांक 4 में नाली निर्माण को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। कलेक्टर के निर्देश पर शुरू हुए 60 मीटर नाली निर्माण कार्य को ठेकेदार द्वारा बीच में ही बंद कर दिया गया और मलबा छोड़ दिया गया था।

5-MAY- CORIYA -BHOOMI-PG-4_Layout 1 5/5/2024 9:13 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### नुक्कड़ नाटक व रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक

**बिश्रामपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के निर्देश पर पार्वती इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रेनिंग एण्ड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय के बीएड द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षार्थियों द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के तहत शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत जयनगर, कुंजनगर, शांतिनगर, सतपता एवं विश्रामपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, नृत्य एवं कविता की प्रस्तुति प्रशिक्षार्थियों द्वारा किया गया। साथ ही प्राथमिक शाला कन्या शिवनंदनपुर के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा हाट बाजारों में छोटे-छोटे दुकानदारों एवं सब्जी विक्रेताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए न्योता पाती का वितरण कर उनके वोट के महत्व को बताया गया।कार्यक्रम में रेवती रमन शासकीय कॉलेज के प्राचार्य एचएन दुबे, रासेयो जिला संगठक सीबी मिश्रा, सूरजपुर शासकीय कॉलेज स्वीप नोडल अधिकारी सलीम किस्पोट्टा, शासकीय कॉलेज सिलफिली से अंजना, संकुल समन्वयक विश्रामपुर गौरीशंकर पाण्डेय, पार्वती शिक्षा महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य प्रीति सोनी, नोडल अधिकारी संतोष कुमार रानाडे, सहायक प्राध्यापक जयमाला सिंह, उपेन्द्र कुमार रवि, अरूण कुमार दुबे, किरण सिंह, मनीषा लकड़ा, नमीता निगम के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए कैट चला रहा जागरूकता अभियान



**अम्बिकापुर।** व्यवसायिक संगठन कैट शत-प्रतिशत मतदान हेतु तीन दिवसीय जागरूकता अभियान चला रहा है। अभियान के तहत कैट के पदाधिकारी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में पहुंचकर व्यापारियों को अपील पत्र और पोस्टर देकर 7 मई को मतदान करने के बाद व्यवसाय का संचालन करने के लिए जागरूक कर रहे है। अपील में श्रम पदाधिकारी के हवाले से मतदान के दिन कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश देने दूरस्थ क्षेत्र के कर्मचारियों को मतदान में पहुंचने और आने तक का अवकाश देने कहा गया है। कैट के जिलाध्यक्ष रविन्द्र तिवारी ने पदाधिकारियों के साथ व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर पत्र और पोस्टर देकर लोकतंत्र के महापर्व में मतदान कर अपनी भूमिका निभाने का अह्वान किया। पत्र में उल्लेख किया गया है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में मजबूत सरकार के गठन हेतु शत-प्रतिशत मतदान आवश्यक है। देश महाशक्ति तब बनेगा जब देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तो इसका लाभ सभी को मिलेगा। इस कार्य में व्यापारियों की भूमिका अहम है क्योंकि व्यापारी देश की रीढ़ हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**जांजगीर-चांपा ।** नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। विशेष न्यायाधीश पाक्सो शैलेन्द्र चौहान ने मामले में फैसला सुनाया है। इस संबंध में अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग पीड़िता 21 जनवरी 2023 की शाम अपने घर से मामी के घर जा रही थी। रास्ते में ठड़गाबहरा निवासी किशन बंजारे मिला और उसे मामी के घर छोड़ने की बात कहकर जबरदस्ती अपनी बाइक में बैठा लिया। इसके बाद मामी के घर ले जाने के बजाए हरदी बाजार रोड़ में ले गया। इस दौरान पोस्ट आफिस के पास लड़की के मामा ने उन्हें देखा तो आवाज लगाई, लेकिन किशन बंजारे तेज गति से बाइक चलाते हुए निकल गया। इसके बाद पेट्रोल पंप के सामने खेत में ले जाकर नाबालिग का दुष्कर्म किया। किसी को इस बात की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए पीड़िता को बलौदा में चल रहे मेले में जाकर छोड़ दिया। पीड़िता किसी तरह घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद मामले की रिपोर्ट बलौदा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी किशन बंजारे के खिलाफ धारा 376, 506, 363 और पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरप्तार कर अभियोग पत्र विशेष न्यायाधीश पाक्सो के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रकरण की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो शैलेन्द्र चौहान ने आरोपी किशन बंजारे को दोषी पाया।

## पेज 1 का शेष

### लोकसभा चुनाव के ...

का सामना करना पड़ेगा। चुनाव संपन्न होने के बाद ही अपनी-अपनी रूटों पर यात्री वाहन नियमित रूप से चलना शुरू होंगे, जिसके बाद ही यात्रियों को राहत मिलेगी। बस स्टैंड में परेशान होते रहे यात्री- रविवार को विभिन्न रूटों की कई बसों का अधिग्रहण कर लिए जाने के कारण बसो की कमी रही, जिसके कारण स्थानीय बस स्टैंड में कई यात्री यात्रा करने के लिए परेशान होते दिखाई दिए। हालांकि अंबिकापुर-मनेन्द्रगढ़ के लिए कुछ यात्री बसों के कारण इस मार्ग पर दिक्कत नहीं हुई, लेकिन दोपहर बाद इन रूटों में भी बसों की कमी हो गई, इसके अलावा जिले के कई क्षेत्रों के लिए 5 मई को यात्री बसे नहीं चली। यात्री बस चुनाव कार्य के लिए अधिग्रहित कर ली गई थी। इसी तरह चुनाव तिथि 7 मई तक आवागमन के लिए लोगों को परेशान होना पड़ेगा।

## बंसू लोहार का अकाउंट खोलने, अवैध रूप से लाभ अर्जन करने का आरोप

# बहुचर्चित जमीन घोटाला मामले में भूमाफिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बहुचर्चित 4.22 एकड़ जमीन घोटाला मामले में पुलिस ने जांच उपरांत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी भूमाफिया द्वारा ही बंसू लोहार का बैंक अकाउंट का फार्म भरने के साथ ही आरआई द्वारा तैयार किए गए पंचनामा में हस्ताक्षर किया गया था। पुलिस ने जांच उपरान्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि इस मामले में बंसू लोहार उसका पुत्र रामकुमार पूर्व में ही जेल जा चुके है।

**खास बात**

- 4.22 एकड़ जमीन घोटाले का मामला

बता दें कि शहर के नमनाकला स्थित शासकीय नजूल भूमि खसरा नंबर 243/1 में से रकबा 1.710 हेक्टयर भूमि को फर्जी तरिके से नामांतरित कर करोड़ो रुपए के गबन का मामला सामने आया था। इस मामले में कलेक्टर द्वारा कराई गई जांच के बाद थाने में शिकायत दर्ज गई थी। एसडीएम की जांच के आधार पर मामले में तत्कालीन राजस्व निरीक्षक नजूल अधिकारी नीलम टोप्पो, तत्कालीन नजूल लिपिक अजय तिवारी, तत्कालीन राजस्व निरीक्षक नजूल नारायण सिंह, तत्कालीन राजस्व निरीक्षक राहुल सिंह द्वारा शासकीय भूमि खसरा 243/1 में से 1.710 हेक्टेयर को सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र पूर्वक बंसू आ. भुटकुल के नाम पर नामांतरित किए जाने की पुष्टि हुई थी। नामांतरण उपरान्त शासकीय भूमि को भूमाफियाओं द्वारा करोड़ो रुपए में बेचा गया था। मामले की पुष्टि होने के बाद गांधीनगर पुलिस द्वारा धारा 420, 467, 468, 471, 120(बी) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने बंसू लोहार व उसके पुत्र रामकुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया था जबकि मामले की जांच चल रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने घुटरापारा निवासी 34 वर्षीय आकाश अग्रवाल को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। जांच के दौरान आरोपी आकाश अग्रवाल द्वारा आरोपी बन्सु का बैंक अकाउंट में फॉर्म भरना तथा शासकीय भूमि के संबंध में तैयार आरआई पंचनामा में हस्ताक्षर किए जाने की पुष्टि हुई है। वहीं आरोपी द्वारा अन्य आरोपियों के साथ मिलकर शासकीय नजूल भूमि के मूल रिकार्ड में कूट रचना कर शासकीय भूमि को निजी मद में आरोपी बन्सू के नाम पर अवैध तरीके से दर्ज कराकर बिक्री कर अवैध लाभ अर्जन किये जाने के साक्ष्य मिले है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, उप निरीक्षक वंश नारायण शर्मा,उपनिरीक्षक रेशम लाल, महिला प्रधान मालती तिवारी, आरक्षक अनुज जायसवाल, पंकज, बृजेश राय एवं अन्य पुलिस स्टाप सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### शून्य हो चुका है नामांतरण

4.22 एकड़ जमीन घोटाला मामले में कलेक्टर कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। इस दौरान बंसू लोहार के लगातार अनुपस्थित रहने पर सुनवाई के बाद कलेक्टर न्यायालय ने सभी नामांतरण को शून्य कर दिया था इसके साथ ही उक्त भूमि को जिला न्यायालय के लिए आबंटित कर दिया था। वहीं कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक(नजूल) नारायण सिंह, अम्बिकापुर तहसील कार्यालय के राजस्व निरीक्षक राहुल कुमार सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय धौरपुर के सहायक ग्रेड-2 अजय तिवारी को कलेक्टर द्वारा निलंबित किया गया है। मुख्य आरोपियों द्वारा भी न्यायालय में अग्रिम जमानत की याचिका दायर की गई थी जिसे खारिज किया जा चुका है।

### क्या था मामला

नमनाकला निवासी बंसू लोहार की मृत्यु 15 वर्ष पूर्व हो चुकी है उन्हें वर्ष 1967-68 में नमनाकला में सिंहदेव योजना के तहत पट्टा दिया गया था लेकिन वर्ष 1971-72 में नमनाकला की समस्त शासकीय भूमि को नजूल घोषित किया गया था और इसमें बंसू की जमीन भी नजूल अभिलेखों में दर्ज हो गई थी। भूमाफियाओं द्वारा नमनाकला निवासी बंसू लोहार के स्थान पर परसा निवासी बंसू लोहार को खड़ा कर फर्जी आधार कार्ड व दस्तावेजों के आधार पर नजूल रिकार्ड में त्रुटि सुधार एवं नामांतरण दर्ज करने का आवेदन लगाया और बड़े पैमाने पर मिलीभगत कर बंसू लोहार के नाम पर भूमि को दर्ज कराने के बाद इसकी बिक्री कर दी थी।

# अनुपस्थित वनरक्षक को कारण बताओ नोटिस

**बैकुंठपुर।** संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र का भ्रमण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 04 कोरबा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत के विकासखंड भरतपुर के अंतरराज्यीय चेक पोस्ट घुघरी (हरचौका)में हुआ।

जिसमें बेरियर पर संजीव कुमार वनरक्षक ड्यूटी में अनुपस्थित पाए गए, जिसे कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, साथ ही ब्लाक मुख्यालय जनकपुर के एक ही कैम्पस में स्थित दो मतदान केन्द्र 33 कन्या प्राथमिक शाला जनकपुर (दिव्यांग मतदान केन्द्र), 35 बालक प्राथमिक शाला जनकपुर का निरीक्षण किया और थाना प्रभारी जनकपुर, कोटाडोल को सभी अंतरराज्यीय बेरियर-नाकों में चाक-चौबंद व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए, इसके पश्चात ग्राम पंचायत घुघरी के पंडों बाहुल्य पोड़ीडोल पारा में भ्रमण कर पंडों जनजाति के समुदाय के साथ बैठक कर उनके समस्याओं को सुना एवं मौके पर उपस्थित ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को पोड़ीडोल पारा में पहुंच मार्ग के लिए सड़क एवं पुलिया व अन्य समस्याओं को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किए। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों में आने वाले दिव्यांगों और वरिष्ठ जनों को संभागायुक्त ने प्राथमिकता देने की बात भी कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि वरिष्ठ जनों और दिव्यांगों के लिए मतदान केन्द्र स्थल पर व्हीलचेयर होना सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें, इसके साथ ही उन्हें लंबी कतारों का सामना ना करना पड़े, इसके लिए उन्हें चिन्हित कर उन्हें प्राथमिकता दें। उन्होंने बढ़ती गर्मी को देखते हुए पानी की व्यवस्था के लिए इस बार सिंटेक्स टंकी अथवा घड़ों में पानी और पर्याप्त छाया की व्यवस्था करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया, ताकि एकत्रित होने वाली भीड़ को पेयजल और छाया की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में कराई जा सके। संभागायुक्त ने पिछली घटनाओं और वर्तमान आशंकाओं को देखते हुए समुदाय के भीतर संपर्क पहचान करने कहा, जिससे ऐसी घटनाओं से संबंधित जानकारी को तुरंत पहचान कर कार्रवाई की जा सके।

### वाहन की टक्कर से गंभीर मजदूर की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ीकला निवासी बालक साय पैकरा आ. स्व. रामेश्वर (34 वर्ष) पिछले एक माह से शहर में रहकर मजदूरी का काम कर रहा था। इस बीच बालक साय कभी घर जाता तो कभी शहर में ही रुक जाता था। गत दिन मजदूरी कर पैदल घर जा रहा था तभी करजी के समीप विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई।

# बाजार में चार फल की बिक्री जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के जंगलों में अब हरियाली दिखाई देने लगी है, इसके अलावा इस सीजन में कई तरह के जंगली फल भी वन क्षेत्रों में मिलने लगे हैं। इनमें प्रमुख रूप से वनक्षेत्रों में चार फल है, जो इस मौसम में बड़ी मात्रा में फले हैं। चार फल को ग्रामीणों के द्वारा एकत्र कर शहर के बाजारों में विक्रय के लिए लाया जाता है, जिसे महंगे दर पर बिक्री की जा रही है। इन दिनों शहर के बाजार में ग्रामीणों के द्वारा चार फल को प्रतिदिन विक्रय के लिए लाया जा रहा है, जिसे छोटे से दोने में रूपए के हिसाब से विक्रय किया जा रहा है।

दोना में चार फल आधा से अधिक रहता है, जिसे 10 रूपए की दर से विक्रय किया जा रहा है। सीजन का फल होने के कारण इसके शौकिन लोग महंगा होने के बावजूद खरीदी कर रहे हैं, क्योंकि शहर के लोगों को जंगल में पाए जाने वाला चार फल बाजार में कभी-कभार मिलता है, ऐसे में ग्रामीणों की संख्या भी कम होती है जो चार फल को जंगल से तोड़कर शहर के बाजार लाते हैं। यही कारण है कि शहर के बाजार में जिन लोगों की नजर चार फल विक्रय होते दिखाई देता है वे जरूर खरीदते हैं। शहर के लिए यह बहुत कम बाजार में मिलने वाला फल है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग जंगलों में आसानी से चार फल प्राप्त कर लेते हैं। इस फल बलरामपुर, सरगुजा क्षेत्रों में पियार के नाम से भी जाना जाता है, तो कई क्षेत्रों में मकरौंदे के नाम से भी जानते हैं।



बिक्री के लिए बाजार में आए चार फल।

### फल तोड़ने के लिए पेड़ों को नुकसान

गर्मी के दिनों में प्रमुखता से जंगल क्षेत्रों में पाए जाने वाला चार का पेड़ छोटा एवं पतला होता है तथा चार के पतले व छोटे पेड़ पर काटने वाली पीली चींटी का डेरा रहता है, जिससे बचकर ही फल को तोड़ना पड़ता है, इसके फल गुच्छे में फले होते हैं। कई लोग चार फल को तोड़ने के लिए छोटी पतली पेड़ को ही काटकर गिरा देते हैं। इस तरह से चार फल को तोड़ने की बजाए कई ग्रामीण पेड़ की कटाई कर देते हैं, जिससे कि चार पेड़ को प्रतिवर्ष नुकसान पहुंचता है। यही कारण है कि जिले के कई जंगल क्षेत्रों में चार के पेड़ अब कम हो गए हैं। इसी तरह का हाल रहा तो आने वाले कुछ वर्षो में जिले के कई जंगल क्षेत्रों में चार पेड़ कम होते चले जाएंगे और यह पेड़ दुर्लभ पेड़ हो जाएगा।

### चार फल से महंगी है चिरौंजी

गर्मी के दिनों में जंगलों में मिलने वाला चार फल जंगलों में आसानी से मिलता है। फल भी इसके शहर के बाजार में कुछ दिनों के लिए बहुत कम ही मिलता है, जिसके कारण महंगे दर पर विक्रय की जाती है। वहीं चार फल के बीजों से निकलने वाली गिरी ही चिरौंजी है। बाजार में चिरौंजी भी महंगे दामों पर विक्रय होती है, जिसका उपयोग विभिन्न प्रकार के व्यंजनों में तथा औषधि में उपयोग किया जाता है, इसके अलावा कई लोग चिरौंजी को अन्य मेवों की तरह पोषण के लिए उपयोग करते हैं।

# साल-बीज भुगतान के लिए भटक रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

वनांचल क्षेत्र में ग्रामीणों के लिए वन संपदा एक आय का जरिया है। शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण वन संपदा साल बीज, तेंदूपत्ता इत्यादि का कार्य करके अपने परिवार की जरूरतें पूरी करते है। ऐसे में वन संपदा उनकी आर्थिक स्थिति के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है। हर वर्ष ग्रामीण गर्मियों के मौसम में कड़ी मेहनत कर साल बीज, तेंदूपत्ता का संग्रहण कर वन विभाग को बेचते है। हालांकि तेंदू पत्ता संग्रहण की राशि समय पर मिल जाती है परंतु साल बीज राशि के लिए उन्हें इंतजार करना पड़ता है। ग्राम पंचायत पोड़ी के ग्रामीणों ने पिछले वर्ष साल बीज संग्रहण कर विन विभाग के पास ब्रिकी किया था लेकिन आज भी राशि के लिए ग्रामीणों को कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर है। गर्मी का मौसम आते ही ग्राम पंचायत पोड़ी के ग्रामीण साल बीज, तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य को प्राथमिकता से करते है ताकि वर्ष के कुछ महीनों का खर्च वन संपदा से अर्जित कर सके। लेकिन जमीनी स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों की उदासीन रवैया ने साल बीज बेचने वाले हितग्राहियों की चिंता बढ़ा दी है। ग्राम पंचायत पोड़ी दक्षिण टोला के आधा दर्जन लोग साल बीज संग्रहित कर फॉरेस्ट विभाग के पोड़ी बिट में पदस्थ चौकीदार के माध्यम से केतका सेंटर में बेचा था। साल बीज बेचे एक वर्ष होने को है लेकिन आज तक हितग्राहियों को भुगतान नहीं हो सका। ऐसे में अब हितग्राही राशि भुगतान के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। सूत्रों के अनुसार साल बीज का राशि शासन के खाते से कर्मचारियों के सहयोग से किसी ने आहरण कर लिया है। लेकिन एक साल के बाद भी हितग्राहियों को भुगतान करना मुनासिब नहीं समझा। ग्रामीण चिलचिलाती धूप में पसीना बहार कर साल बीज संग्रहित करने के साथ उसे दाने में तब्दील कर शासन को बेचा है।



ग्राम पंचायत पोड़ी के हितग्राही।

### किया गया था साल बीज जमा

ग्रामीण साल बीज एकत्र किए थे। जिसको प्रबंधक नारायण सिंह को साल बीज का तौल कर जमा किया गया। भुगतान के लिए बात हुआ है। प्रबंधक घरेलू काम में व्यस्त है जल्द ही भुगतान करा दिया जाएगा।

**-जगसाय यादव**, पोड़ी चौकीदार

### जल्द ही भुगतान कराई जाएगी

मामला मेरे संज्ञान में आया है। इस संबंध में प्रबंधक से बात किया हूं। जल्द ही हितग्राहियों को भुगतान करा दी जाएगी।

**-डीके सिंह**, वनपाल सर्कल केतका

# चनवारीडांड़ में निकली विशाल हस्ताक्षर रैली

**मनेन्द्रगढ़।** विगत दिवस मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वसहायता समूह की महिलाओं और ग्रामीणों के सहयोग से अटल चौक फारेस्ट रोड से हनुमान मंदिर, चनवारीडांड़ तक हस्ताक्षर रैली का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में जनपद के पदाधिकारी, डीईओ एवं एडीईओ तथा अधिकांश ग्राम पंचायत केसचिव, रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक, मनरेगा पीओ के माध्यम से शानदार तरीके से जागरूकता रैली नारे के साथ निकाली गई तथा विगत कई दिनों से स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत में हस्ताक्षर जागरूकता अभियान के माध्यम तैयार 72 बैनर को तैयार करवाया गया था, फिर इन 72 बैनरों को जोड़कर 2 बैनर तैयार किया गया और उन बैनरों के साथ भव्य रैली का आयोजन किया गया। यह भव्य रैली अटल चौक फॉरेस्ट डिपो रोड के पास से हनुमान मंदिर चनवारीडांड़ तक निकाला गया। इसके पश्चात सभी ग्रामीणों, पदाधिकारियों, सहायता समूह की दीदियों के द्वारा हस्ताक्षर करके संकल्प लिया गया कि हम मतदान को सफल बनाएंगे। उसके पश्चात जनपद सीईओ के द्वारा शपथ कराया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 400 महिलाएं, 30 सचिव, जनपद के पदाधिकारी समेत लगभग 500 लोगों ने भाग लिया और मतदान जागरूकता अभियान को सफल बनाया।

# स्ट्रांग रूम प्रभारी, सहायक एवं लाइनमैन कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** लोकसभा निर्वाचन को सफलतापूर्वक एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के निर्देशन में एवं प्रशिक्षण नोडल अधिकारी जिपं सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में स्ट्रांग रूम प्रभारी, स्ट्रांग रूम सहायक एवं लाइनमैन कर्मचारियों का प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभा कक्ष में दिया गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्राचार्य पीसी. सोनी एवं एसपी निषाद द्वारा सभी कर्मचारियों को उनके कार्य एवं दायित्व को विस्तार से बताया गया। उन्हें मतदान सामग्री वितरण दिनांक को वितरण के समय स्ट्रांग रूम से तत्परतापूर्वक उसी मतदान केन्द्र की ईव्हीएम एवं व्ही.व्ही पैट को वितरण काउंटर पर उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार मतदान समाप्ति उपरान्त मतदान दलों द्वारा संग्रहण काउंटर पर जो सामग्री जमा की जाती है उसमें से पोल्ड ईवीएम एवं व्ही.व्ही पैट को तथा ईव्हीएम पेपर मास्टर लिफाफा को स्ट्रांग रूम में सावधानीपूर्वक जमा करना है। स्ट्रांग रूम के अंदर संबंधित मतदान केन्द्र के खांचे के भीतर पोल्ड ईवीएम एवं व्ही.व्ही पैट के साथ रखा जाना है। सांविधिक लिफाफे के अन्तर्गत 5 लिफाफे आते हैं जिन्हे सील्ड कर सांविधिक पेपर के मास्टर लिफाफा के अंदर रखा जायेगा।

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 11 मई 2024
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
समय: शाम 05.00 बजे से
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
स्थान: बड़ेरिया डायग्नोस्टिक, बाजारपारा, बैकुण्ठपुर
मो. 9425255110, 9425269110

# आस्था या अंधविश्वास: ग्रामीण के घर दिखे छोटे पद चिन्ह

**बिश्रामपुर।** अब इसे आस्था कहें या अंध विश्वास कि चैत्र नवरात्रि पर एक गरीब परिवार के घर में सुबह छोटे पद चिन्ह नजर आने पर ग्रामीणजन अब यहां माता रानी की कृपा मानकर पूजा अर्चना शुरू कर दिए हैं। दरअसल ग्राम पंचायत कुंजनगर रेलवे स्टेशन चौक समीप राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 किनारे रहने वाले पुरोहित रविशंकर उपाध्याय की घर में उनकी छोटी बहू राजेश्वरी उपाध्याय चैत्र नवरात्रि व्रत कर रही थी। इसके साथ में परिवार की ही महक, रोमा, अंजली और सुशीला देवी द्वारा चैत्र नवरात्रि में विशेष पूजा अनुष्ठान घर पर ही किया जा रहा था। इस दौरान 18 अप्रैल की रात गुजरने पश्चात सुबह तड़के को पूजा कक्ष व घर के अन्य कमरे में परिवार द्वारा छोटे पद चिन्ह दिखने का दावा किया जा रहा है। पद चिन्ह का आकार छोटा है और जिस जगह पर है वहां हल्का सा फर्श दबा हुआ देखा गया है। कुछ ग्रामीण इसे मातारानी के पद चिन्ह मानकर लोग अब यहां पर विधिवत पूजा अर्चना शुरू कर दिए हैं जो क्षेत्र में धार्मिक चर्चा का विषय बना हुआ है। इसको जहां एक तरफ कुछ लोग मातारानी की कृपा मान रहे हैं वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इसे अंध विश्वास होने की बात कह रहे हैं।



- आस्था के नाम पर आस पास के ग्रामीण कुंजनगर पूजा अर्चना करने पहुंच रहे
- कुछ ग्रामीण इसे मातारानी की कृपा होने की बात कह रहे हैं जबकि कुछ के द्वारा अंधविश्वास होने की बात कही जा रही है।

### कुरवां में भक्तिभाव के साथ की गई कठोरी पूजा



अच्छी फसल व बारिश की कामना को लेकर शनिवार को ग्राम पंचायत कुरवां में कठोरी पूजा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। ग्रामीणों द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरवां में गांव के महादेव के पास शनिवार को सभी ग्रामीणों ने एकत्र होकर महादेव की विधिवत पूजा अर्चना कर कठोरी पूजा की गई। यहां पर ग्रामीणों द्वारा पूरे गांव से अच्छी फसल व बारिश की कामना करते हुए अपने-अपने घरों से धान बीज लाकर बैगा गुल्ले राम से अपनी पूजा अर्चना का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। साथ ही यहां पर निम्हा पोतका से बायर टीम को बुलाकर बीती पूरी रात व शनिवार को पूरे दिन बायर खेलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिलाई गई। कठोरी पूजा को लेकर पूरे गांव में खासा उत्साह व भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। गौरतलब है कि कठोरी पूजा के अनुष्ठान को पूरे ग्रामीणों द्वारा एक जुट होकर अपनी एकता का परिचय देते हुए संपन्न कराया जाता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 20,500/-
सबसे कम राशि पर
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411